# डिफेंस कॉरिडोर का काम तेज होगा, सात अरब मंजूर

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) 742 करोड़ रुपये से उत्तर प्रदेश डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के सभी नोड्स को और अधिक विकसित करने का काम करेगा। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने इस धनराशि को खर्च करने की मंजूरी दे दी है।

डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में केवल नट बोल्ट या कलपुर्जों का निर्माण नहीं होगा, बल्कि ड्रोन, यूएवी, इलेक्ट्रानिक वस्तुओं, विमान और ब्रम्होस मिसाइलों का भी विनिर्माण और उन्हें तैयार करने का काम किया जाएगा। इसके लिए चित्रकूट, झांसी, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़ नोड में बाउण्ड्रीवाल, सड़क, बिजली, पानी के साथ ही सुरक्षात्मक दृष्टि से भी कई विकास कार्य कराए जाएंगें। लखनऊ, अलीगढ़ एवं कानपुर डिफेंस नोड में किए किए जाने वाले अतिरिक्त भूमि पर अवस्थापना सम्बंधित कार्य 30.00 करोड़ रुपये से होंगे। 20 करोड़ से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन जिलों में बनेंगे। इसके लिए लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़ में भूमि क्रय के लिए 150 रुपये रखे गए हैं। डिफेंस कॉरिडोर यूपी के साथ ही केंद्र सरकार की प्राथमिकता में भी शामिल हैं।

## ये काम होंगे

### अलीगढ़ नोड

- आंतरिक विद्युतीकरण का कार्य 3.50 करोड़
- ग्राम हैबतपुर के लिए वैकल्पिक सड़क का निर्माण कार्य- 1.50 करोड़
- अधिग्रहीत भूमि में अतिरिक्त सड़क, मुख्य द्वार यातायात की व्यवस्था- 14.50 करोड़

### लखनऊ नोड

- बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य 6.10 करोड़
- आंतरिक प्रकाश व्यवस्था के लिए 5.20 करोड़
- भटगांव में जल आपूर्ति, एसटीपी के 52 करोड़




### कानपुर नोड

- फेज-2 में जल की आपूर्ति, निकासी -4.65 करोड़
- गार्ड रूम, प्रकाश की व्यवस्था- 2.95 करोड़

### चित्रकूट नोड

- 7.30 करोड़ रुपये से 4.20 किलोमीटर लम्बे बाउण्ड्री वाल का निर्माण कार्य
- 75.00 करोड़ से पानी आपूर्ति की व्यवस्था- 75.00 करोड़

### झांसी नोड

- 41 करोड़ से 26 किलोमीटर लंबा बाउण्ड्रीवाल बनेगा
- आंतरिक सड़कों का निर्माण 152.00 करोड़
- 10 गेटों का निर्माण कार्य- 5.00 करोड़